# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


**दिनांक: 21-04-2023**

**प्रकाशनार्थ**

**बी०एड० चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने किया स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन**

दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर एक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एक स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षुओं ने समाज के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजन किया। बी.एड. प्रशिक्षुओं ने जागरूकता रैली तथा स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर, हरिओम नगर तिराहा, बाल-विहार, इन्दिरा तिराहा, कचहरी चौराहा तथा टाउन हॉल चौराहा के आसपास तथा नालियों की साफ़-सफ़ाई की और मौजूद प्लास्टिक तथा अन्य कचरों को साफ किया। जागरूकता रैली महाविद्यालय से शुरू होकर इंदिरा बाल बिहार, कचहरी चौराहा, टाउन हॉल चौराहे से होते हुए महाविद्यालय पर समाप्त हुई। प्रशिक्षुओं ने अपने स्वच्छता अभियान में एकत्र किए गए कूड़े-कचरे तथा प्लास्टिक के कचरे को पुन: चक्रण हेतु नगर निगम के कर्मचारियों को सुपुर्द किया। इस जागरूकता रैली का संचालन बी.एड. विभाग के प्राध्यापक डॉ सुभाष चंद्र एवं श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस जागरूकता रैली में बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

डॉ. अरुण कुमार तिवारी
विभाग प्रभारी
बी.एड. विभाग

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
मिडिया प्रभारी